


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 228 | इंदौर, मंगलवार 27 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आज 'मंथरा गान' - सातवां सत्र



### आप सभी आमंत्रित है...!

कृपया 'मंथरा गान' के इस आयोजन में आप अवश्य भाग लेवें ...साथ ही अपने इष्ट मित्रों एवं परिवारजनों को भी... मेरी ओर से सूचना देने का कष्ट करें... यह आयोजन अनूठा, अद्भुत और ऐतिहासिक है...आपकी सहभागिता से यह कार्यक्रम... गरिमा और सफलता प्राप्त करेगा... अवश्य आईये... !

एल एन उग्र, मो. 9425039071



## श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति

आर.एन.टी.मार्ग, इन्दौर (म.प्र.)

अनूठा | अद्भुत | एतिहासिक

महाग्रंथ "रामायण" के उपेक्षित पात्र पर कविवर पं.सत्यनारायण सत्तन जी द्वारा रचित महाकाव्य "मंथरा" के प्रमुख अंशो को लयबद्ध (स्वरबद्ध) कर
"मंथरा गान"
का आयोजन किया जा रहा है।

: गान स्वरदेयता :
"पुष्पेन्द्र पुष्प"

**समय : 16 जनवरी 2024 से प्रति मंगलवार**
**समय : सायं 6:15 से 7 :00**
**स्थान : श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समितिसभाग्रह, इन्दौर**

आपकी सहभागिता से यह ऐतिहासिक आयोजन गरिमामय बन सकेगा
कृपया अपने इष्टमित्रों एवं परिवार जनों सहित अवश्य पधारियेगा।

भवदीय

एल.एन.उग्र
सूत्रधार
9425039071

हरेराम वाजपेयी
प्रचार मंत्री

अरविन्द जवलेकर
प्रधानमंत्री
श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति,इन्दौर













# दो दिन में 6 हजार कापी ही चेक हो पाई

## माशिमं की बोर्ड परीक्षाओं के बीच शुरू हुआ कापियों का मूल्यांकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा के साथ ही कापियों का मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो चुका है। पहले चरण में 90 हजार कापियां जांची जाना है। मूल्यांकन के लिए जिले से 800 से अधिक शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्यकर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया था। लेकिन 10 फीसदी मूल्यांकनकर्ता भी कापी जांचने के लिए नहीं पहुंच रहे है। नतीजा यह निकला कि 22 फरवरी को शुरू हुए मूल्यांकन में अब तक सिर्फ 6 हजार कापियां ही चेक हो पाई है।**

मालव कन्या उमावि को जिला मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। मूल्यांकन के लिए करीब 800 शिक्षकों को मूल्यांकनकर्ता बनाया गया है। लेकिन मूल्यांकन के लिए पहले दिन 60 मूल्यांकनकर्ता ही कापियां जांच करने के लिए पहुंचे। दूसरे दिन भी मूल्यांकनकतार्ओं में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई। जिस हिसाब से कापियां जांची जा रही है, उससे मूल्यांकन कार्य देरी से पूरा होगा। मूल्यांकन प्रभारी बबीता हायरण ने बताया कि विषयवार कापियां चेक की जा रही है।

पहले दिन कापियों की संख्या काफी कम थी, इसलिए 60 मूल्यांकनकतार्ओं को ही बुलाया गया था। अन्य विषयों की कापियों के बंडल खुलते ही मूल्यांकनकतार्ओं की संख्या बढ़ा दी जाएगी। जो मूल्यांकनकर्ता जानबूझकर नहीं आ रहे है, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकनकतार्ओं के मोबाइल अलग रखवा लिए जाते है। हर एक कक्ष की सतत निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मी भी तैनात है।

### 4 मार्च के बाद बढ़ेंगे मूल्यांकनकर्ता

अफसरों के अनुसार जब तक बोर्ड परीक्षाएं चलेंगी, तब तक दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक मूल्यांकन होगा। परीक्षा खत्म होने पर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मूल्यांकन कार्य होगा। हर एक मूल्यांकनकर्ता को प्रतिदिन अधिकतम 45 कापियां जांचना होगी। मूल्यांकन कतार्ओं को कापी जांचने के बदले में 10वीं की प्रति कापी के लिए 15 रुपए और 12वीं में 16 रुपये मिलेंगे।




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राहुल गांधी की यात्रा को लेकर सोमवार को इंदौर में गांधी भवन पर कांग्रेसियों ने बैठक की, जिसमें निर्णय लिया गया कि हजारों कांग्रेसी राहुल की उज्जैन में होने वाली यात्रा में शामिल होंगे।**

## अब हिंदी में प्रबंधन का ककहरा सिखाएगा आइआइएम इंदौर

इंदौर। भारतीय प्रबंधन संस्थान इंदौर (आइआइएम) अब हिंदी भाषा में प्रबंधन और नेतृत्व का पाठ पढ़ाएगा। इसकी शुरूआत संस्थान ने अपने पहले हिंदी भाषा में नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम से की है, जो हिंदी में पढ़ाया जाएगा। यह प्रयास सभी को मैनेजमेंट की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है। इस पाठ्यक्रम के पहले बैच के लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। अक्टूबर 2023 में आइआइएम के स्थापना दिवस के मौके पर निदेशक डा. हिमांशु राय ने प्रबंधन के पाठ्यक्रम हिंदी भाषा में शुरू करने की बात कही थी। नए सत्र से संस्थान ने शार्ट टर्म कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यह कोर्स शुरू करने की तारीख भी कुछ ही दिनों में घोषित की जाएगी। वहीं इस पाठ्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को विभिन्न व्यावसायिक कार्यों की व्यापक समझ प्रदान की जाएगी। साथ ही नेतृत्व, प्रबंधन, मार्केटिंग, वित्तीय लेखांकन, मानव संसाधन प्रबंधन, संचालन प्रबंधन, व्यापार के लिए डिजिटल अनुप्रयोग, उत्पाद रणनीति, आपूर्ति श्रृंखला और रसद, क्राइसिस मैनेजमेंट, नेगोसिएशन, व्यापार माडल, डिजिटल मार्केटिंग, उद्यमिता, डिजाइन थिंकिंग, हितधारक प्रबंधन, प्रबंधकों के लिए विश्लेषण, रणनीति निर्माण और निष्पादन, और संचार कौशल पर चर्चा की जाएगी।

### आसानी से मिल सकेगी प्रबंधन की शिक्षा

इस पाठ्यक्रम के जरिए सभी को प्रबंधन की शिक्षा आसानी से मिल सकेगी। बता दें कि इससे पहले शहर में एमजीएम मेडिकल कालेज में भी हिंदी भाषा के माध्यम से मेडिकल की पढ़ाई शुरू की जा चुकी है। इसके बाद अब आइआइएम ने प्रबंधन की पढ़ाई हिंदी में कराने की तैयारी की है।

### एमजीएम का सफल रहा प्रयास

मध्य प्रदेश में एमजीएम मेडिकल कालेज में सबसे पहले मेडिकल की पढ़ाई हिंदी भाषा में शुरू करने की व्यवस्था को एक वर्ष सफलतापूर्वक हो चुके हैं। संस्थान में हिंदी में छपी पाठ्यक्रम की पुस्तकें भी पहुंच चुकी हैं। यहां अलग-अलग विषय की करीब 4500 किताबें हिंदी में आ चुकी हैं। यहां पढ़ाई के साथ छात्र परीक्षा भी हिंदी में दे सकेंगे। उन्हें हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में उत्तर लिखने की छूट दी गई है। यहां प्रोफेसर भी छात्रों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कोर्स पढ़ा रहे हैं।

## डॉक्टरों ने 700 ग्राम के प्री-मैच्योर बच्चे को दी नई जिंदगी

इंदौर। 700 ग्राम के एक प्री-मैच्योर बच्चे को डॉक्टरों ने नई जिंदगी दी है। दरअसल सातवें माह में मां को गायनिक संबंधी तकलीफ शुरू हो गई। उसे बचाने के लिए डिलीवरी करानी पड़ी। इस दौरान जन्मा प्री-मैच्योर बच्चा सिर्फ 700 ग्राम का था। वजन कम होने के कारण उसे भी प्रकार की समस्याएं थी। करीब 45 दिनों तक उसका इलाज चला और उसे बचा लिया गया। मामला इंदौर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल का है जबकि परिवार उज्जैन का रहने वाला है। खास बात यह कि अगर परिजन सहमति नहीं देता तो दोनों को बचा पाना मुश्किल हो जाता। अब बच्चे का वजन दोगुना हो गया है और उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## किसान कर रहे जमीन अधिग्रहण का विरोध, फिर भी सुनवाई नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर-बुधनी रेल लाइन और पश्चिमी रिंग रोड के लिए अधिकृत की जाने वाली किसानों की उपजाऊ जमीन को लेकर विरोध तीन माह से जारी है। इंदौर से शुरू हुआ विरोध देवास होते हुए बुधनी तक पहुंच चुका है। धरना प्रदर्शन के साथ ही किसान सांसदों और मुख्यमंत्री तक ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके बाद भी अब तक कहीं भी किसानों की सुनवाई नहीं हुई है। किसान जमीन अधिग्रहण के बदले वर्तमान बाजार भाव के दोगुना मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं, जबकि शासन द्वारा दो साल पहले की गाइडलाइन के अनुसार मुआवजा दिया जा रहा है।

इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन और आउटर रिंग रोड इंदौर, इंदौर-बैतूल एक्सप्रेस-वे एवं पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के प्रभावित किसान नसरुल्लागंज में दो दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। वहीं इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन जमीन अधिग्रहण के विरोध में कन्नौद क्षेत्र के किसान विजयपुर महादेव मंदिर से बाइक रैली निकालेंगे। दोनों कार्यक्रमों में इंदौर जिले के हजारों किसान शामिल होंगे।

पूर्व जनपद सदस्य एवं किसान नेता हंसराज मंडलोई एवं बुधनी विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता सूरत सिंह मकवाना ने बताया कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसान पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के विधानसभा क्षेत्र बुधनी के ग्राम नसरुल्लागंज में अपनी मांगों को लेकर दो दिन धरना देंगे और ज्ञापन सौंपेंगे।

### हम पीछे नहीं हटेंगे

किसान नेता पंडित संतोष शर्मा, अभिषेक पंचोली सहित सभी किसान नेताओं ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक हमारी मांगों का निराकरण नहीं होता तब तक हम पीछे नहीं हटेंगे। हम दिल्ली की तर्ज पर आंदोलन चलाएंगे। इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन का फिर से सर्वे करवाया जाए, उसे सरकारी एवं वन भूमि में से निकाला जाए। बाजार मूल्य से दो गुना हमें मुआवजा दिया जाए।

## जिले में आज से लगना शुरू होगी 'जापानी बुखार' की वैक्सीन

**इंदौर। बच्चों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वास्थ विभाग एक और नई इबारत लिखने जा रहा है। 'जापानी बुखार' से बच्चों को बचाने के लिए 27 फरवरी 2024 से टीकाकरण सारणी में एक और नया टीका जुड़ रहा है, वह है जे.ई. (जापानी एन्सेफलाइटिस)। इस टीकाकरण का शुभारम्भ कार्यक्रम 27 फरवरी को सुबह 10 बजे पीसी सेठी चिकित्सालय में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री शंकर लालवानी रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव करेंगे।**

यह अभियान इन्दौर सहित प्रदेश के चार जिलों में शुरू किया जाएगा। जिसमें इंदौर सहित भोपाल, सागर एवं नर्मदापुरम सम्मिलित है। इसके पूर्व विदिशा एवं रायसेन जिले में यह अभियान चलाया जा चुका है। जहाँ अब नियमित टीकाकरण में भी यह टीका दिया जाने लगा है। 'जापानी बुखार' के सर्वाधिक प्रकरण उत्तर प्रदेश से सामने आए हैं। मध्यप्रदेश में भी 'जापानी बुखार' के प्रकरण रिपोर्ट किए जा चुके हैं। अभियान के अंतर्गत यह टीका 01 से 15 साल के आयु वर्ग के बच्चों को लगाया जाएगा। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि यह जापानी दिमागी बुखार है, इससे संक्रमित होने पर बच्चे को झटके आते है, बेहोशी होती है और अत्यंत गंभीर स्थिति में मृत्यु भी हो सकती है।

इस वायरल बीमारी से बचने का सबसे सुरक्षित उपाय टीकाकरण है। प्रारंभ में सभी टीकाकरण केन्द्रों पर सामुदायिक स्तर पर टीकाकरण किया जाएगा और फिर नियमित टीकाकरण सारणी में यह टीका जुड़ जाएगा। इसके साथ ही पहले टीकाकरण के माध्यम से बच्चों को 11 बीमारियों से सुरक्षा मिलती थी, जो अब बढ़कर 12 बीमारियों से सुरक्षा मिलेगी। सभी परिजनों से यह अपील है गई कि वे अपने 01 से 15 साल के बच्चों को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए जे.ई. का टीका अवश्य लगवाएं।

## मंडी में लहसुन बेचने के नए नियम पर हुआ हंगामा, दो धड़े में बंटे किसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अपने खेत में उपजाई लहसुन बेचने में किसानों की मर्जी नहीं चलेगी। थोक मंडी में लहसुन की नीलामी सिर्फ मंडी समिति के कर्मचारियों से करवाने का नियम सोमवार से लागू हुआ। शुरुआती दौर में हंगामा हुआ। कुछ किसानों ने विरोध कर दिया। नारेबाजी हुई और घंटेभर तक नीलामी रुकी रही। बाद में पुलिस पहुंची और मंडी अधिकारी पहुंचे। समझाइश दी और नीलामी प्रक्रिया फिर शुरू हुई।**

कोर्ट के आदेश के पालन में देवी अहिल्याबाई होलकर थोक मंडी में लहसुन की नीलामी प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। दो दिन पहले तक मंडी में किसानों की मर्जी पर निर्भर होता था कि वे अपनी उपज लहसुन की नीलामी या तो मंडी समिति से करवा लें या फिर आढ़तियों के पास माल ले जाकर उनसे नीलामी करवाए। मंडी में आने वाली उपज में 25 प्रतिशत माल तो मंडी समिति के पास जाता था जबकि 75 प्रतिशत या अधिक माल आढ़तिये नीलाम करवा रहे थे। सोमवार को आढ़तियों को लहसुन की नीलामी से दूर कर दिया गया। बदली पक्रिया से कई किसान नाराज हो गए। किसान कह रहे थे उनका माल है ऐसे में उनकी मर्जी से नीलामी होना चाहिए। मंडी प्रशासन ने कह दिया कि कोर्ट का आदेश है उसका पालन करना ही होगा। बाद में कुछ किसान नेता मंडी प्रशासन के समर्थन में आ गए। मंडी सचिव नरेश परमार भी किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया कोर्ट के आदेश पर हो रही है। हम कुछ नहीं कर सकते।

## रॉन्ग साइड वालों के बनाए चालान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जवाहर मार्ग को कुछ दिन पहले वन वे किया गया है। इसके बावजूद रॉन्ग साइड में वाहन आवागमन करते हैं। इन वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को चालानी कार्रवाई की।

# सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता पर कार्यशाला

## डॉ. वरूण कपूर ने बताया महत्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। ब्लैक रिबन पहल, संकल्प अभियान के तहत डॉ. वरूण कपूर-अति. पुलिस महानिदेशक द्वारा इंडेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज मालवांचल यूनिवर्सिटी, इंदौर में सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में डेंटल कॉलेज के 113 छात्र-छात्राओं एवं 10 व्याख्याताओं ने भाग लिया।**



डॉ. कपूर द्वारा सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में सायबर सुरक्षा के लिये साझा प्रयास की आवश्यकता पर बल देते हुये बताया कि वर्तमान में कम्प्यूटर एवं इंटरनेट का उपयोग हमारे जीवन का एक अंग हो गया है। हमारे दैनिक जीवन का काफी समय आभासी दुनिया में व्यतीत हो रहा है।

दुनिया के बदलते परिवेश में अपने आप को उसके अनुरूप ढालना होगा क्योंकि यदि आप उससे तालमेल नहीं बैठाते हैं तो किसी खतरे में भी पड़ सकते हैं । वास्तविक दुनिया एवं आभासी दुनिया बड़ा अंतर है।

वास्तविक दुनिया के खतरे दिखाई पड़ते हैं किन्तु आभासी दुनिया के नहीं। वास्तविक दुनिया में उत्पन्न खतरों से पुलिस आपकी सुरक्षा कर सकती है किन्तु सायबर वर्ल्ड में हो रहे सायबर अपराध से बचाव आपकी जागरूकता पर निर्भर है। इसके लिये आपको हमेशा सतर्क एवं जागरूक रहकर सायबर स्पेस का उपयोग करना चाहिए।

सायबर अपराधी अपनी पहचान छुपाकर सोशल मीडिया, ईमेल, चैटरूम इंस्टंट मेसेजिंग, गेमिंग प्लेटफार्म का उपयोग कर शिकार बनाते है और ऐसे कार्य करने के लिये प्रेरित करते हैं जिससे उन्हें आसानी से ब्लैकमेल किया जा सके। सायबर अपराध से बचने के लिये अनजान से संपर्क नहीं करना। यदि वह जाना पहचाना भी हो तो उसकी पड़ताल करें। अंजान फोन,विडियो कॉल, ईमेल,लिंक, एसएमएस को ओपन न करें । व्यक्तिगत जानकारियों को शेयर न करें। व्हाट्सप पर प्रसारित होने वाली अधिकांश जानकारी झूठी होती है । हमारी छोटी सी चूक भी हमारे लिये मुसीबत का कारण बन सकती है।अपने बारे में कितनी इंफार्मेशन कब, कैसे और कहॉं शेयर करनी है, शेयर करना भी है या नहीं। इसके लिये सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ सायबर स्पेश का उपयोग करें। इस अपराध को अंजाम देने वाला आपका परिचित, रिश्तेदार, मित्र या कोई अनजान व्यक्ति भी हो सकता है।

लोगों द्वारा बिना सोचे-समझे जानकारी पोस्ट फारवर्ड की जाती है । किसी भी संदेश को फारवर्ड करने से पहले उसकी सत्यता की जॉंच करें के पश्चात् शेयर या फारवर्ड करें। सायबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है । इसकी मुख्य वजह हमारी लापरवाही एवं जानकारी की कमी है। डॉ. कपूर ने छात्र-छात्राओं को सायबर ग्रुमिंग की जानकारी दी गई व इंटरनेट के प्रयोग में अपनायी जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का समाधान डॉ. कपूर द्वारा सहजता से किया गया। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो छात्र-छात्राओं को क्रमशः डॉ. आदिल एवं डॉ. सृष्टि को डॉ. कपूर ने प्रमाण-पत्र व गोल्डन बैज प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से संस्थान के चेयरमेन सुरेश सिंह भदौरिया, डायरेक्टर (प्लानिंग/एडमिनिस्ट्रिशन) आर.एस. राणावत, डायरेक्टर (स्टूडेंट वेलफेयर) आर.सी.यादव, वाईस चासंलल-मालवांचन युनिवर्सिटी डॉ. संजीव नांरग, प्रो.वाईस चांसलर मालवांचल युनिवर्सिटी-डॉ. रामगुलाम राजदान, रजिस्ट्रार-मालवांचन यूनिवर्सिटी- डॉ. लोकेश्वर सिंह जोधाना, डीन-इंडेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज-डॉ. सुपर्णा गांगुली साहा, प्राचार्या नर्सिंग डॉ स्मृति जी सोलोमन,प्राचार्या रेशमा खुराना उपस्थित थी। कार्यशाला के समापन पर संस्थान के चेयरमेन श्री सुरेश भदौरिया द्वारा डॉ. वरूण कपूर को शॉल-श्रीफल स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र भेट किया गया। सेमिनार के सफल संचालन में सहायक सेनानी नीति दण्डोतिया एवं निरीक्षक श्रीमती पूनम राठौर, व उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यशाला का संचालन डॉ. रवीना मक्कड द्वारा किया गया।

# बिजली सेवाएं समय पर देने के लिए अधिकारी तत्परता से कार्य करें : श्री तोमर



**इंदौर**। बिजली सेवाओं को समय पर देना ऊर्जा विभाग एवं बिजली वितरण कंपनी का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की पूर्ति में कोई भी लापरवाही न बरतें। सभी जिलों के अधिकारी इस बारे में गंभीरता रखे, समय पर सेवाओं प्रदान करने की सतत समीक्षा की जाएगी। मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने ये निर्देश दिए। श्री तोमर सोमवार को पोलोग्राउंड स्थित सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों की मिटिंग में संबोधित कर रहे थे। श्री तोमर ने कहा कि सीएम हेल्प लाइन, 1912, कंपनी के पोर्टल, ऊर्जस एप व अन्य माध्यमों से सेवाओं को चाहने वाले एवं शिकायत करने वालों का समय पर समाधान किया जाए। श्री तोमर ने कहा कि फेल ट्रांसफार्मर नियमानुसार एवं पात्रतानुसार समय पर बदले जाए, लाइन लॉस घटाने के लिए सघन प्रयास करे। श्री तोमर ने राजस्व संग्रहण समय पर करने के लिए दैनिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने कहा कि गर्मी का दौर प्रारंभ हो रहा है, पेयजल आपूर्ति वाले कनेक्शनों की बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए, वहां कोई मैंटेनेंस कार्य की जरूरत हो तो उसे समय पर किया जाए। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक पुनीत दुबे, सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, मुख्य अभियंता एसआर बमनके, रवि मिश्रा, एसएस करवाड़िया, एसआर सेमिल, गिरीश व्यास, आरके आर्य, मुख्य वित्त अधिकारी नरेंद्र बिवालकर, अधीक्षण अभियंता सूचना प्रौद्योगिकी सुनील पाटौदी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके नेगी, संयुक्त सचिव तरूण उपाध्याय आदि ने विचार रखें।

# ऋषि तीर्थ परिसर पर मेहंदी की रस्म संपन्न

## आज ध्वजारोहण, शोभायात्रा के साथ होगा शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ए.बी. रोड डकाच्या स्थित ऋषि तीर्थ परिसर में नवनिर्मित भव्य जिनालय के पंचकल्याणक महोत्सव की श्रृंखला में सोमवार को गीत-संगीत एवं धार्मिक भजनों की प्रस्तुतियों के बीच महोत्सव के पात्रों की मेहंदी रस्म आचार्य प.पू. प्रसन्न ऋषि म.सा. के सानिध्य में संपन्न हुई । मंगलवार, 27 फरवरी को घटयात्रा, ध्वजा रोहण, श्रीजी की शोभायात्रा एवं गर्भ कल्याणक के पूर्व रूप के साथ शांतिधारा अभिषेक, नित्य पूजा एवं पंचकल्याणक के अन्य कार्यक्रमों के साथ महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा।

श्री मज्जिनेंद्र पारसनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी, दिलीप जैन, विमल झांझरी एवं अंकुर पाटनी ने बताया कि महोत्सव के पात्रों की मेहंदी रस्म में इंद्र प्रियंक सलोनी झांझरी, कुबेर सुरेंद्र-पिंकी बड़जात्या, विकास-पायल रारा सहित सभी पात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। गीत-संगीत एवं भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों के बीच मेहंदी की रस्म संपन्न हुई। अब मंगलवार 27 फरवरी को आचार्यश्री कुशाग्रनंदी म.सा., आचार्य पुष्पदंत सागर म.सा. के आशीर्वाद एवं आचार्य प्रसन्न ऋषि म.सा. ससंघ, आचार्य कुमुदनंद, आचार्य विहर्ष सागर म.सा. ससंघ, आचार्य दयासागर म.सा. ससंघ के सानिध्य में ऋषि तीर्थ परिसर में पंचकल्याणक महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस दौरान देश-प्रदेश से आए सैकड़ो समाज बंधु भी महोत्सव के साक्षी बनेंगे।

मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी ने बताया कि 27 फरवरी को गर्भ कल्याणक (पूर्वार्ध) में प्रातः 6.30 बजे रथयात्रा, जुलूस मंगल कलशयात्रा के बाद 7:30 बजे से मंडप उद्घाटन, अभिषेक, शांतिधारा, 9:30 बजे आचार्यश्री के प्रवचन, 11 बजे ध्वजारोहण, दोपहर 1 बजे महामंडल आराधना, महायाग मंडल, सायं 6.30 बजे प्रवचन एवं आरती के बाद सायं 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे । 28 फरवरी को सुबह 6.30 बजे से जाप अभिषेक के बाद नवग्रह शांति हवन, 9.30 बजे प्रवचन, 10.30 बजे 81 कलशों से सौभाग्यवती एवं कुवारियो द्वारा मंदिर , वेदी एवं शिखर शुद्धि, दोपहर 1 बजे माता की गोद भराई, सायं 6 बजे प्रवचन, आरती तथा 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गुरुवार 29 फरवरी को सुबह 6.30 बजे जाप अभिषेक , 8 बजे दिव्य औषधियों से आकार शुद्धि, 9.30 बजे प्रवचन, 10.30 बजे जन्माभिषेक के लिए पांडुकाशिला की ओर जुलूस के रूप में प्रस्थान, दोपहर 1 बजे मंच पर प्रतिमाओं का श्रृंगार, सायं 6 बजे प्रवचन, आरती के बाद सायं 7 बजे से इंद्राणियों द्वारा जिनबालक का श्रृंगार, भगवान का पालना झुलाने एवं बाललीला आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 1 मार्च को तप कल्याणक, 2 को ज्ञान कल्याण एवं 3 मार्च को जाप, पंचामृत, अभिषेक, निर्वाण लाडू, प्रातः 8 बजे प्रवचन, विश्व शांति महायज्ञ, दशांश पूणार्हुति, शांति पाठ, विसर्जन, संघ पूजा के बाद मोक्ष कल्याणक जुलूस और प्रातः 11.32 बजे भगवान विराजमान कर कलशारोहण एवं ध्वजारोहण तथा महामस्तकाभिषेक की रस्मों के बाद दोपहर 12.30 बजे वात्सल्य भोज के साथ समापन होगा।महोत्सव समिति की आज संपन्न बैठक में अनेक निर्णय लिए गए। महोत्सव में पधारने वाले सभी आचार्य, मुनियों एवं संघ के मंगल प्रवेश पर उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया जाएगा । पंचकल्याणक महोत्सव पूरे विधि विधान से संपन्न होगा। बाहर से आने वाले समाज बंधुओ के लिए समुचित व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही है।

# छात्रावासों/आश्रमों में प्रतिमाह आयोजित करें स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम

**इंदौर।** संभागायुक्त श्री मालसिंह द्वारा जनजातीय कार्य विभाग के छात्रावास, आश्रम एवं विशिष्ट संस्थाओं के संचालन के संबंध में सहायक आयुक्तों, विकास खंड शिक्षा अधिकारियों, एकलव्य विद्यालय एवं कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य, अधीक्षक-अधिक्षिकाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि अधीक्षक-अधिक्षिकाओं का छात्रावास परिसर / मुख्यालय पर ही निवास रहेगा। कन्या छात्रावास/आश्रमों में रात्रिकालीन ड्युटी हेतु केवल महिला कर्मचारी की ही ड्युटी लगाई जाये। परिसर में बाहरी व्यक्तियों का अनाधिकृत प्रवेश वर्जित रखा जाये। कन्या छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहे एवं रिकार्डिंग एक माह तक सुरखित रखें एवं सीसीटीवी की लिंक अधीक्षिका / प्राचार्य के मोबाईल पर उपलब्ध रहे। कन्या छात्रावास परिसरों में अधीक्षिका एवं महिला चौकीदार के अलावा किसी भी बाहरी व्यक्ति का शाम 5 बजे के बाद प्रवेश वर्जित रखा जाये। बैठक में डिप्टी कमिश्नर जनजाति कार्य विभाग श्री बृजेश चंद्र पांडेय भी उपस्थित थे।

## सिरोंज विधायक ने घर छोड़ा, वानप्रस्थ आश्रम ग्रहण किया

# बोले- किसी को पैर नहीं छूने दूंगा, क्रिकेट टूर्नामेंट और शादियों में नहीं जाऊंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिरोंज। सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने एक वीडियो जारी कर कहा, मैंने वानप्रस्थ आश्रम ग्रहण कर लिया है। गृहस्थ छोड़ दिया है। अब मैं किसी को अपने पैर नहीं छूने दूंगा। उनका ये वीडियो 23 फरवरी का है, जब उन्होंने जनता दरबार लगाकर सुनवाई की थी।**



विधायक ने कहा, अब मैं शादियों और किसी क्रिकेट टूर्नामेंट में नहीं जाऊंगा। यहां उम्र में बड़े लोग भी पैर छू लेते हैं, जो गलत है। नेता का काफी समय स्वागत-सत्कार में चला जाता है, इसलिए मैंने दोनों काम बंद करने का निर्णय लिया है। मेरे स्वागत के लिए गमछे और फूल-माला खरीदकर पैसे बर्बाद न करें।

**बोले- राजनीति नहीं छोड़ूंगा, जनता की सेवा करता रहूंगा-** शर्मा ने वीडियो में कहा- वानप्रस्थ आश्रम और घर त्यागने की बात ऐसी है कि मैं वैसे ही पुजारी परिवार से हूं। धार्मिक वृत्ति का व्यक्ति हूं। मैंने अपने स्वयं के घर की बजाय पूरी विधानसभा को अपना घर मान लिया है। इसके निवासियों को अपने परिजन जैसी सेवा करूंगा। राजनीति नहीं छोड़ रहा हूं, इसे अपनी जनता की सेवा का जरिया मानकर चलता हूं और चलता रहूंगा।

विधायक ने कहा- शादियों में जाना इसलिए बंद कर रहा हूं कि एक समय में 70 से 80 कार्ड आ जाते हैं। सबके यहां जाना संभव नहीं हो पाता, जिसके यहां नहीं जाओ उसके मन में बुरा लगता है, इसलिए किसी शादी में नहीं जाऊंगा। इसके साथ ही रही क्रिकेट की बात तो हमारे क्षेत्र में टेनिस बॉल से खेलते हैं। जिसका कोई भविष्य नहीं है, लड़के कभी इंडिया की टीम में नहीं जा सकते। कोई सचिन तेंदुलकर नहीं बनेगा क्योंकि लेदर बॉल से खेलना छोड़ चुके हैं। मैंने जो निर्णय किया, सोच समझकर किया है।

**बयान और गतिविधियों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं-** 59 वर्षीय उमाकांत शर्मा अविवाहित हैं। वे अपने भाई लक्ष्मीकांत शर्मा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। लगातार दूसरी बार क्षेत्र की जनता ने भरोसा जताकर उनको विधायक बनाया है। पोस्ट ग्रेजुएट उमाकांत आध्यात्मिक और दार्शनिक पुस्तकें पढ़ना पसंद करते हैं। वे अक्सर अपने बयानों और गतिविधियों से चर्चा में रहते हैं। विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने कहा था कि कुछ बिल्डर, राजनीतिक विरोधी और माफिया उनके दुश्मन बने हुए हैं। वे उन्हें षड़यंत्र में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, हमारी हत्या की साजिश भी हो सकती है।

# शराबियों ने मेडिकल छात्राओं को छेड़ा

### जूनियर डॉक्टरों से भिड़े, पुलिस जवान का चांटा जूड़ा को लगा, 4 घंटे जाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर के जयारोग्य हॉस्पिटल कैंपस में रविवार रात शराब पी रहे बाहरी युवकों ने मेडिकल छात्राओं से छेड़खानी की और साथी जूनियर डॉक्टरों से मारपीट कर दी। फिर कैंपस के मिल्क पार्लर और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर भाग गए।**

बाद में जूनियर डॉक्टरों ने कंपू के आमखो चौराहे पर आरोपियों को घेर लिया। यहां दोनों पक्ष भिड़ गए। पुलिस भी पहुंच गई। इस बीच पुलिस जवान ने जूनियर डॉक्टर को न पहचानते हुए उसे चांटा जड़ दिया। इससे माहौल गरमा गया। जूड़ा ने सड़क जाम कर दी। वे पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

हंगामे की खबर मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जाम खोलने के लिए कहा, लेकिन जूडा ने मना कर दिया। उनका कहना था कि पहले उस जवान को बुलाया जाए, जिसने हमारे साथी को चांटा मारा है। उसका निलंबन हो। हमलावर शराबी युवकों पर भी एफआइआर हो।

रात 8 बजे से शुरू हुआ विवाद रात 11.30 बजे तक चला। इस बीच अधीक्षक डॉ. आरकेएस धाकड़ भी पहुंच गए। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कराएंगे। पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद जूडा ने रात 12 बजे धरना खत्म कर दिया।

### मिल्क पार्लर और गाड़ियों में तोड़फोड़ की

जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि कुछ बाहरी लोग रात 8 बजे कैंपस में मिल्क पार्लर के पीछे शराब पी रहे थे। शराबियों ने छात्राओं से बदतमीजी की। विरोध करने पर हमारे लोगों से मारपीट की और मिल्क पार्लर तोड़ दिया। कार और दूसरी गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की।

# छिंदवाड़ा में मानसून जैसी बारिश, ओले भी गिरे

### 3 दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम; कल 31 जिलों में बारिश के आसार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। छिंदवाड़ा और आसपास के क्षेत्र में मानसून जैसी बारिश हुई। सोमवार शाम को अचानक मौसम बदला। तेज हवाओं के साथ तेज बारिश होने लगी। साथ ही ओले भी गिरे। करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। जिससे सड़कें तरबतर हो गई।**



मौसम विभाग ने महाकौशल और निमाड़ के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग की माने तो 2 दिन तक बारिश-ओले का स्ट्रॉन्ग सिस्टम रहेगा। इस दौरान 30 से 50 के प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं भी चल सकती हैं।

27 फरवरी को प्रदेश के 60% हिस्से यानी, 31 जिलों में सिस्टम की एक्टिविटी ज्यादा होने का अनुमान जताया है।

**इसलिए बदला मौसम-** सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, चक्रवाती घेरे की वजह से पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के ग्वालियर-चंबल में हल्की बूंदाबांदी हुई है। वहीं, बिहार के आसपास और छत्तीसगढ़ से तेलंगाना तक भी ट्रफ लाइन गुजर रही है। प्रति चक्रवात की वजह से आंध्र प्रदेश और ओडिशा तट के आसपास हवाएं भी चल रही हैं, जिससे मध्यप्रदेश के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में नमी आ रही है। इस कारण अगले 3 दिन के लिए प्रदेश में ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। तीन दिन में ओले, तेज हवा और बारिश का दौर जारी रहेगा।

**2 दिन ऐसा रहेगा मौसम-** 27 फरवरीः प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में सिस्टम की एक्टिविटी रहेगी। इसके चलते नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, जबलपुर और दमोह में बारिश-ओलों का ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल, शाजापुर, सीहोर, देवास, खंडवा, हरदा, बुरहानपुर, रायसेन, विदिशा, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, कटनी, सतना, रीवा, मऊगंज, सिंगरौली, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, सिवनी, बालाघाट आदि जिलों में यलो अलर्ट है। गरज-चमक के साथ बारिश, ओले और तेज हवाएं भी चलेंगी।

28 फरवरीः इस दिन सिस्टम की एक्टिविटी कमजोर हो जाएगी। छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, जबलपुर, मंडला और डिंडोरी में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

**उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में असर नहीं-** मौसम विभाग के अनुसार, इस सिस्टम की वजह से उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में असर नहीं रहेगा। इंदौर संभाग के दक्षिण हिस्से वाले जिलों में बारिश, ओले और तेज हवाओं का अलर्ट जरूर है।

## पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट पीड़ित धरने पर: हरदा बंद; बोले-

# सब तबाह हो गया, सवा लाख में दोबारा घर कैसे बनाएं?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा।** हरदा पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के पीड़ितों के आह्वान पर हरदा के बाजार बंद हैं। मृतकों के परिजन और पीड़ित परिवार तीन दिन से धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि हमारे परिवार को न जाने किसकी नजर लगी, जो हम अपना घर-परिवार छोड़कर सड़क पर हड़ताल करने को मजबूर हैं, हम बिखर चुके हैं। जीवन भर की पूंजी खत्म हो गई। प्रशासन ने हमें सवा लाख रुपए दिए हैं। इतने से पैसे में हम दोबारा अपना घर कैसे बनाएं? हमें उचित मुआवजा दें और दोषी अफसरों पर केस करें।

पीड़ित लोगों का कहना है कि उन्हें बाजार मूल्य के हिसाब से मकानों का मुआवजा दिया जाए या फिर जैसे हमारे मकान बने थे वैसे ही बनाकर दिए जाएं। क्योंकि बीते 20 दिनों से उन्हें आईटीआई कॉलेज में बनाए गए राहत शिविर में रखा गया है। वहीं, इन परिवारों के लोग शुक्रवार से शहर के घंटाघर चौक पर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी हमारा जीवन पटरी पर नहीं लौट पाया। भूख हड़ताल पर बैठने वालों में 6 लोग पीड़ित परिवार के और 6 शहर के अलग-अलग समाज के लोग शामिल हैं। धरने पर बैठी तीन महिलाओं की तबीयत शनिवार को बिगड़ गई। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

धरनास्थल पर मंडी व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने सर्व समाज के लोगों के साथ चर्चा की। उनका कहना है कि हम तीन दिनों से हड़ताल कर रहे हैं, लेकिन कलेक्टर हमसे मिलने तक नहीं आए। न ही हमारी मांगों पर कोई बातचीत आगे बढ़ी। हालांकि, एसडीएम केसी परते का कहना है कि पीड़ितों का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिल चुका है। कलेक्टर के आश्वासन पर धरना स्थल पर बैठे लोग लौट जाएंगे।

### 59 मकान क्षतिग्रस्त हुए, 39 पूरी तरह तहस-नहस

धमाके के कारण फैक्ट्री के नजदीक बने 59 मकान क्षतिग्रस्त हो गए थे। इनमें 39 मकान पूरी तरह से तहस-नहस हो गए, इन 39 में से 21 मकानों का निर्माण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हुआ था। उस हादसे को हुए 20 दिन हो चुके हैं, लेकिन इससे प्रभावित हुए लोगों का जीवन दोबारा पटरी पर वापस नहीं लौट सका। 48 परिवारों के 129 लोगों को राहत शिविर में रखा गया है। वहीं, कुछ पीड़ित परिवार के लोग हरदा में घंटाघर चौक पर भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि हमारी जीवनभर की पूंजी खत्म हो गई, प्रशासन ने हमें सवा लाख रुपए दिए हैं। इतने पैसे में हम अपना घर कैसे बनाएं। प्रशासन ने हमें सही से मुआवजा नहीं दिया। दोषी अफसरों पर भी केस दर्ज होना चाहिए।

# भाजपा खोज रही जिताऊ कैंडिडेट्स

### 23 लोकसभा सीटों पर उतारे मंत्री-पदाधिकारी; कार्यकर्ताओं से कर रहे रायशुमारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार तय करने को लेकर भाजपा में हलचल तेज है। देर रात बीजेपी के प्रमुख नेताओं की वर्चुअल मीटिंग हुई। इसमें अलग-अलग नेताओं को 23 लोकसभा सीटों पर जाकर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर मजबूत दावेदारों के नाम टटोलने को कहा गया। इसके बाद सभी नेता अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र में जाकर रायशुमारी कर रहे हैं।

### 6 सीटों पर पहले हो चुकी रायशुमारी

एमपी की 29 में से 6 लोकसभा सीटों पर भाजपा पहले ही रायशुमारी करा चुकी है। स्थानीय स्तर पर सामने आए नामों के पैनल बनाकर केंद्रीय नेतृत्व को भेजे भी जा चुके हैं। इन 6 सीटों में मुरैना, दमोह, होशंगाबाद, सीधी, जबलपुर और कांग्रेस के कब्जे वाली छिंदवाड़ा सीट शामिल है।

**28 सांसदों में बीजेपी बदल सकती है 21 चेहरे-** वर्तमान में एमपी की 29 सीटों में से 28 लोकसभा सीटों पर बीजेपी के सांसद हैं। सूत्रों की मानें तो भाजपा इन 28 में से 21 सांसदों के टिकट बदल सकती है।

Karnataka

# किशोरों के बीच सहमति से संबंध को अपराध बनाना मकसद नहीं, हाईकोर्ट ने समझाया POCSO का मतलब

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** POCSO यानी प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेज पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि POCSO का मतलब दो किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों को अपराध की तरह बताना नहीं है। उच्च न्यायालय ने एक 21 वर्षीय युवक के खिलाफ नाबालिग लड़की से शादी के मामले में आपराधिक मामला रद्द कर दिया। हाईकोर्ट का कहना है कि POCSO किशोरों को यौन शोषण से बचाने के लिए है। कोर्ट ने कहा, 'POCSO का मतलब नाबालिगों को यौन शोषण से बचाना है, न कि दो किशोरों के बीच सहमति से बने संबंधों को अपराध बनाना है, जिन्होंने नतीजों को जाने बगैर सहमति से यौन संबंध



बनाए थे।' आरोपी के खिलाफ IPC, POCSO और प्रोहिबिशन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट के तहत मामले दर्ज थे। कोर्ट ने कहा कि आरोपी और नाबालिग लड़की समाज के निचले सामाजिक-आर्थिक वर्ग से आते हैं और उनके पास सीमित सूचना है। कोर्ट ने कहा कि वे अपने कामों को परिणामों के बारे में नहीं जानते थे।

**क्या था मामला-** बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, आरोपी को लड़की के नाबालिग होने के बारे में पता था, इसके बाद भी उसने लड़की से शादी की और यौन संबंध बनाए। फिलहाल, लड़की की उम्र 16 साल है। अब इस मामले को लेकर आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया और आपराधिक मामले को रद्द करने की मांग की।

Rajasthan

## पत्नी का कत्ल कर पुलिस से बोला युवक- भाइयों ने मारा, बेटी ने सच बताने के लिए रखी ये शर्त

**नागौर, (एजेंसी)** राजस्थान के नागौर में हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. एक युवक ने अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी से काट डाला. इसके बाद उसने पुलिस को फोन किया और कहा कि भाइयों और एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर उसकी पत्नी को मार डाला है. मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच और पूछताछ की तो हैरान कर देने वाला सच सामने आया. इस दौरान कातिल की बेटी ने पिता को बचाने के लिए जो शर्त रखी, उसे सुनकर पुलिस भी सन्न रह गई.

ये मामला जिले के जायल उपखंड के साडोकण गांव का है. यहां माडाराम अपने परिवार के साथ रहता है. उसने पत्नी संगीता की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी. इसके बाद कुल्हाड़ी और खून से सने अपने कपड़ों को घर में पड़े पशुओं के गोबर के नीचे छुपा दिया. फिर रोल थाना पुलिस को फोन कर सूचना दी.

उसने पुलिस से कहा, मेरे 3 भाइयों और एक अन्य पड़ोसी ने कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की हत्या कर दी है. वो लोग जाते समय अपने साथ कुल्हाड़ी भी ले गए. थानाधिकारी हरिकृष्ण तंवर टीम के साथ मौके पर पहुंचे. इस दौरान पुलिस को माडाराम पर शक हुआ तो हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. इस दौरान उसने स्वीकार किया कि उसने ही पत्नी की हत्या की है. मगर, उसने ये नहीं बताया कि कुल्हाड़ी कहां है. पुलिस ने तलाश शुरू की तो उसकी 14 साल की बेटी बोली, साहब, पापा ने ही मां को मारा है. आप मेरे पापा को मत गिरफ्तार करना. इस दुनिया में पापा के अलावा मेरा कोई नहीं है. अगर पापा को गिरफ्तार न करो तो मैं आपको बता दूं कि कुल्हाड़ी कहां है. आलाकत्ल बरामद करने के लिए पुलिस ने उसको आश्वासन दिया. इस पर उसने बताया कि कुल्हाड़ी गोबर के ढेर के नीचे है, इसे पापा छुपाई है.

Uttarpradesh

## हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे परीक्षार्थियों की वैन पेड़ से टकराई, 4 की मौत, 6 घायल

**शाहजहांपुर, (एजेंसी)** शाहजहांपुर जिले के कांट क्षेत्र में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे जा रहे छात्र-छात्राओं से भरी वैन स्टेट हाईवे पर जरावन गांव के पास मंगलवार सुबह पिछला टायर फटने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसके बाद वैन पलट गई।इस हादसे में वैन में सवार 10 में चार परीक्षार्थियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह जख्मी हो गए। मरने वालों में हरियापुर के स्कूल प्रबंधक अनिल मिश्रा की बेटी प्रतिष्ठा, मुनव्वरगंज बरेंडा के चंद्रपाल का बेटा अनुराग, नगला जाजू गांव के नीरज का बेटा अनुरूप, और बरेंडा गांव के महेंद्र की बेटी मोहनी शामिल हैं। मंगलवार सुबह आंख खुलते ही लोगों को बड़ी अनहोनी की खबर मिली। कांट क्षेत्र के हरियापुर, बरेंडा, नगलाजाजू समेत कई गांवों के हाईस्कूल के छात्र और छात्राओं ने हरियापुर गांव के एक स्कूल से हाईस्कूल का फार्म भरा था, जिसका सेंटर जैतीपुर के एक इंटर कालेज में पड़ा था। मंगलवार सुबह 6 बजे एक ईको कार छात्र और छात्राओं को पेपर दिलाने ले जा रही थी।

Bihar

# लालू की विधायक किरण देवी के घर ED का छापा, आरा से लेकर पटना तक रेड, बालू कारोबारी हैं पति

**आरा, (एजेंसी) राजद सुप्रीमो लालू यादव के करीबी और पूर्व विधायक अरूण यादव के अगिआंव स्थित आवास पर ईडी की रेड चल रही है। हालांकि आवास पर न ही अरुण यादव मौजूद हैं। और न ही उनकी पत्नी किरण देवी। बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों के साथ ईडी की टीम मौजूद है। और पूछताछ कर रही है। ED की 10 सदस्यीय टीम राजद विधायक किरण देवी के घर पर मौजूद है। संदेश से किरण देवी आरजेडी विधायक हैं। जानकारी के मुताबिक किरण देवी के बेटे से पूछताछ हो रही है। और इस दौरान घर में किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं है। अरूण यादव भोजपुर से पूर्व विधायक रह चुके हैं। और बड़ बालू कारोबारी हैं।**

आरा के अलावा पटना के रंजन पथ के एक अपार्टमेंट में मौजूद 5 फ्लैट में भी छापेमारी शुरू हो गई है।जिसमें इनकी कंपनी के कार्यालय चलते हैं। इससे पहले बीते साल 16 मई को भी राजद विधायक किरण देवी और उनके पति अरूण यादव के पैतृक आवास समेत कई ठिकानों पर सीबीआई ने छापेमारी की थी। दिल्ली-गुरूग्राम समेत कई ठिकानों पर सीबीआई रेड मारी थी। इस दौरान उनका महलनुमा घर काफी चर्चा में रहा था। सीबीआई की टीम ने जमीन के बदले नौकरी केस में ये छापेमारी की थी।

खेल

# दिल्ली कैपिटल्स को सीजन में मिली पहली जीत, यूपी वॉरियर्स को लगातार तीसरी बार हराया

**बेंगलुरु, (एजेंसी) दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) के दूसरे सीजन में अपनी पहली जीत सोमवार को हासिल कर ली। उसने बेंगलुरु के एम चिन्नस्वामी स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स को नौ विकेट से हरा दिया। दिल्ली को इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ उद्घाटन मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर, यूपी वॉरियर्स को पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने हराया था। इस तरह उसे सीजन में लगातार दूसरी हार मिली है।**





दिल्ली ने यूपी को लगातार तीसरे मैच में हराया है। उसने पिछले साल टूर्नामेंट के पहले सीजन में दो मैचों में जीत हासिल की थी। संयोग से पिछली बार भी दिल्ली का दूसरा मैच यूपी की टीम से ही था।

दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। यूपी की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 119 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 14.3 ओवर में एक विकेट पर 123 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। टीम ने 33 गेंद शेष रहते मैच को जीत लिया। उसके लिए शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा नाबाद 64 रन बनाए। उन्होंने 43 गेंद की पारी में छह चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान मेग लैनिंग ने 43 गेंद पर 51 रन बनाए। उन्होंने छह चौके लगाए। शेफाली और लैनिंग ने पहले विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की। टीम को जब एक रन की आवश्यकता थी तब कप्तान लैनिंग आउट हो गईं। उन्हें सोफी एक्लेस्टोन ने वृंदा दिनेश के हाथों कैच कराया। उनके बाद क्रीज पर उतरी जेमिमा रोड्रिग्स ने चौका लगाकर मैच को समाप्त कर दिया।

इससे पहले यूपी के लिए श्वेता सहरावत ने सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। कप्तान एलिसा हेली ने 13 रन बनाए। किरम नवगिरे और पूनम खेमनार ने 10-10 रन बनाए। सोफी एक्लेस्टोन ने छह और दीप्ति शर्मा ने पांच रन बनाए। ताहिला मैक्ग्रा एक रन ही बना सकीं। ओपनर वृंदा दिनेश खाता नहीं खोल सकीं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए राधा यादव ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। मरिजान कैप ने तीन विकेट झटके। एनाबेल सदरलैंड और अरुंधति रेड्डी को एक-एक सफलता मिली।

सिनेमा

## फेमस भोजपुरी एक्ट्रेस आंचल तिवारी, सिमरन की मौत, सड़क हादसे में सिंगर छोटू पांडे की भी गई जान





बिहार के कैमूर में सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में जिन 9 लोगों की मौत हुई थी उसमें भोजपुरी सिनेमा के भी चार उभरते हुए स्टारों की जान चली गई. पुलिस ने सोमवार को बताया कि बिहार के कैमूर जिले में ट्रक, एसयूवी और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर में मारे गए नौ लोगों में भोजपुरी गायक छोटू पांडे भी शामिल थे. इसके अलावा इस सड़क हादसे में भोजपुरी एक्ट्रेस आंचल तिवारी और सिमरन श्रीवास्तव की भी जान चली गई. घटना रविवार की शाम मोहनिया थाना क्षेत्र के देवकली गांव के पास जीटी रोड पर हुई थी. मोहनिया के डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान सोमवार को की गई और उनमें भोजपुरी गायक विमलेश पांडे उर्फ छोटू पांडे भी शामिल हैं. अन्य मृतकों की पहचान आंचल तिवारी, सिमरन श्रीवास्तव, प्रकाश राम, दधिबल सिंह, अनु पांडे, शशि पांडे, सत्य प्रकाश मिश्रा और बागीश पांडे के रूप में हुई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब दो महिलाओं सहित आठ लोगों को ले जा रही एक गाड़ी ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. इसके बाद एसयूपी और बाइक दोनों दूसरे लेन में चले गए, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक उनसे टकरा गया. इसके बाद मोटरसाइकिल चालक सहित सभी नौ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. ट्रक चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया.

## संपादकीय

# तमाम उपाय विफल

उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है कि उसने अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं। पुलिस भर्ती में वर्षों से चली आ रही धांधली को खत्म कर पारदर्शिता लाई गई है। मगर नकल पर नकेल कसने में वह विफल कैसे साबित हो रही है! ऐसा नहीं माना जा सकता कि परीक्षाओं को सेंधमारों से पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जा सकता। लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं ऐसे धंधेबाजों की पहुंच से दूर बनी हुई हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली रोकने के तमाम उपाय नकल के धंधेबाजों के आगे विफल नजर आते हैं। अब उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा में नकल कराने वालों ने सेंधमारी कर ली। आखिरकार सरकार को परीक्षा रद्द करनी पड़ी। पर्चा बाहर होने से परीक्षार्थी नाराज थे, विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि छह महीने के भीतर दुबारा परीक्षा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि परीक्षाओं में शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। युवाओं की मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। इस सेंधमारी की जांच विशेष कार्यबल को सौंप दी गई है। हालांकि कुछ परीक्षा केंद्रों से ऐसे लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जो पर्चा हल कर भीतर भेज रहे थे। मगर हर बार की तरह यह सवाल अनुत्तरित ही रह जाना है कि आखिर प्रतियोगी परीक्षा का प्रश्नपत्र बाहर हुआ कैसे। आजकल ज्यादातर परीक्षाएं चाक-चौबंद कंप्यूटर केंद्रों पर होने लगी हैं। जो परीक्षाएं इस तरह नहीं होतीं, उनमें प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं रखने की जगहों तथा परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी जाती है। मगर विचित्र है कि उत्तर प्रदेश पुलिस खुद पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों की सुरक्षा नहीं कर पाई। यह कोई पहली प्रतियोगी परीक्षा नहीं है, जिसके पर्चे परीक्षा शुरू होने से पहले बाहर आ गए। अब तो जैसे यह सिलसिला-सा बन चुका है कि जब भी कोई प्रतियोगी परीक्षा होती है, उसमें नकल कराने वाले सेंध लगाने का उपाय तलाश ही लेते हैं। हर राज्य इस समस्या से ग्रस्त है। यहां तक कि जो परीक्षाएं कंप्यूटरीकृत प्रणाली से होती हैं, उनमें भी ऐसी गड़बड़ी देखी गई है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस तरह परीक्षा रद्द होने से विद्यार्थियों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। न केवल परीक्षा की तैयारी में लगी उनकी मेहनत बर्बाद जाती है, बल्कि बहुत सारे विद्यार्थी तो जैसे-तैसे जुगाड़ करके परीक्षा का शुल्क अदा करते और फिर परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने का बंदोबस्त करते हैं। इनमें हजारों ऐसे छात्र होते हैं तो जमीन, जेवर वगैरह गिरवी रखकर परीक्षा के लिए पैसे का इंतजाम करते हैं। पुलिस भर्ती के लिए महीनों वर्जिश करके खुद को तैयार करते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में पचास हजार पदों के लिए करीब पचास लाख युवाओं ने आवेदन किया था। हालांकि राज्य सरकार ने परीक्षार्थियों से दुबारा आवेदन शुल्क न लेने और परीक्षा के लिए राज्य परिवहन की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने का वादा किया है। मगर नकल माफिया के सक्रिय रहते परीक्षा में पारदर्शिता का भरोसा कैसे किया जा सकता है।

**अर्ज़ किया है..!**

*तहज़ीब के लिबास*
*उतर जाएँगे जनाब*
*डॉलर में यूँ नचाएगी*
*इक्कीसवीं सदी*

*- बशीर बद्र*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**मीरा के गायन में भगवान श्रीकृष्ण की आवाज़ थी।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Health is Wealth**

# सेहत बिगाड़कर समय से पहले बूढ़ा बना सकती हैं ब्रेकफास्ट से जुड़ी ये 3 गलतियां

**एक्सपर्ट ने दी सलाह**



अच्छा खान-पान और सेहत से जुड़ी हेल्दी आदतें, व्यक्ति को लंबे समय तक जवां और खूबसूरत बनाए रखने में मदद करती हैं। लोग अपनी फिटनेस और खूबसूरती को बनाए रखने के लिए कभी जिम तो कभी अच्छी डाइट का सहारा लेते हैं। बावजूद इसके कई बार सुबह नाश्ते से जुड़ी 3 गलतियां आपकी मेहनत और सेहत दोनों को खराब कर देती हैं। जी हां, कई बार लोग अपनी लाइफस्टाइल से जुड़ी कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसकी वजह से उनके चेहरे पर एजिंग बहुत जल्दी नजर आने लगती है। पोषण और हेयर एंड स्किन केयर विशेषज्ञ किरण कुकरेजा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करके ब्रेकफास्ट से जुड़ी ऐसी ही 3 गलतियों के बारे में बताया है। दरअसल, खराब लाइफस्टाइल और बिगड़े खानपान का बुरा असर स्किन पर बहुत जल्दी दिखने लगता है। जिसके कारण लोगों के चेहरे पर एजिंग जल्दी झलकने लगती है और वह समय से पहले ही बूढ़े नजर आने लगते हैं। किरण कुकरेजा कहती हैं कि सही खान-पान और हेल्दी आदतें बढ़ती उम्र को रोकने में मदद कर सकती हैं। तो वहीं, गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली आपको समय से पहले बूढ़ा बना सकती है। आइए किरण कुकरेजा से जानते हैं ब्रेकफास्ट से जुड़ी उन 3 गलतियों के बारे में, जो व्यक्ति की सेहत बिगाड़कर उसे समय से पहले बूढ़ा बनाती हैं।

### खाली पेट कैफीन का सेवन

कई लोगों को सुबह खाली पेट चाय या कॉफी पीने की आदत होती है। ऐसे लोगों की चाय या कॉफी पिएं बिना नींद नहीं खुलती। अगर आपको भी खाली पेट चाय या कॉफी पीने की आदत है,तो यह बेड -टी कल्चर आपकी सेहत के लिए मुसीबत बन सकता है। दरअसल, चाय या कॉफी का नेचर एसिडिक होता है। खाली पेट इनका सेवन करने से एसिडिक बेसिक संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे कई बार एसिडिटी की शिकायत होती है। इसके अलावा चाय में थियोफिलाइन नामक एक योगिक होता है, जो निर्जलीकरण की वजह है। चाय या कॉफी पीने के बाद सुबह सबसे पहले मुंह के बैक्टीरिया शुगर को ब्रेक करेंगे,जिससे मुंह का एसिड का स्तर बढ़ जाएगा। खाली पेट सुबह चाय पीने की आदत ना सिर्फ पेट में अतिरिक्त एसिड का कारण बन सकती है बल्कि आंत के स्वास्थ्य और पोषक तत्वों के अवशोषण को भी प्रभावित करके तेजी से उम्र बढ़ने का कारण बन सकती है।

### प्रोटीन और फाइबर शामिल ना करना

सुबह की भागदौड़ और समय की कमी के चलते कई बार लोग नाश्ते में जल्दी बनने वाले ऑप्शन की तलाश में रहते हैं। ऐसे आहार में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और फाइबर न होने के कारण व्यक्ति को हेयर फॉल,थकान,डायबिटीज,ड्राइ स्किन,अपच और कब्ज जैसी समस्याएं परेशान करने लगती हैं, जिससे उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज होने लगती है।

### सुबह खाली पेट जूस का सेवन

अगर आप डायबिटीज रोगी हैं, तो खाली पेट जूस का सेवन भूलकर भी न करें। खाली पेट जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का खतरा बना रहता है। जिससे सूजन और समय से पहले बुढ़ापा आ सकता है।

## Highlights

1. Speeding car flips over divider, hits another car in T'gana; 4 injured
2. Forest officer who named lion 'Akbar' and lioness 'Sita' suspended
3. Kashmiri activist Yana Mir vs Delhi Customs: what happened
4. Haryana CM Manohar Lal pays tribute to Chandrashekhar Azad
5. Rajasthan survivor attacked with axe by man who raped her
6. Nepali man kills wife, claims death due to illness; arrested

# '...to invest in core strategic areas for growth': Expedia to cut 1500 jobs globally

**NEW DEIHI, (Agency).** Expedia Group Inc. is eliminating about 9% of its workforce after announcing a leadership transition earlier this month while the online travel company attempts to revive growth and regain market share.

The Seattle-based firm will cut about 1,500 jobs across the globe so it can "invest in core strategic areas for growth," a company spokesperson said in an email. "Given the recent completion of many significant technical milestones in Expedia Group's transformation, the business continues to evaluate the appropriate allocation of resources to ensure the most important work continues to be prioritized," the spokesperson added.

Some of affected employees began receiving communications Monday about the job reductions, according to a regulatory filing. The company employed 17,100 people in more than 50 countries as of the end of




2023, with about half working in technology roles, according to its latest annual report.

Earlier this month, Expedia reported disappointing holiday results and issued a weaker-than-expected outlook for the current quarter. It also announced that Ariane Gorin, the leader of the fast-growing enterprise division, will be take over as chief executive officer on May 13, succeeding Peter Kern, who has held the post since 2020. The company and its online travel peers such as Airbnb Inc. and Booking Holdings are contending with moderating travel growth as pent-up demand from the post-pandemic period last year appears to be running out of steam.

Expedia is prioritizing boosting sales this year after spending the past two years focusing on technical upgrades and a long-awaited revamp of its loyalty program. While its consumer business has slowed to single-digit revenue growth in the past two quarters, Expedia's enterprise division, which sells advertising and travel technology to corporate clients and powers travel booking websites for major brands like Walmart Inc. and American Express Co., has been contributing double-digit gains to the business.

# Xiaomi SU7's in-house tech ingenuity is indicative of a shift in philosophy

**NEW DEIHI, (Agency).** For a brand that is now well known in the world of smartphones, you'd expect Xiaomi to make bold moves. One that would define a category, for years to come. That is how they've got to where they are, with phones (they're third largest smartphone maker, globally). Yet, as this journey through the past provides an inspiration, the tech company is intent on charting a new path for itself. One that has an outlook of not just a decade down the line, but much beyond. A bold move to make an electric car, the SU7, is reminiscent of exactly how they took the world of phones by storm a




decade ago. At stake is not just finding a spot at the table in due course alongside the biggest automakers in the world, but also the future of smartphones. Except this time, the difference is, Xiaomi is spending big on research and development to build much more in-house, rather than curating a collection of components from vendors. That'll reduce the reliance on sourcing components, and minimalizing supply chain eccentricities. That is the foundation of five core technologies that define most EVs, and in particular the Xiaomi SU7, in entirety – the E-Motor, Battery, HyperCasting, autonomous driving and a smart cabin. Building the hardware in close sync with how Xiaomi intends the software platform to be, should bear fruit once the SU7 goes on sale – and that isn't exactly clear at this time.

# सड़क हादसा- स्कूल शिक्षिका की मौत

## स्कूटर से एग्जाम सेंटर जाते समय जीप ने मारी थी टक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जबरन कॉलोनी में रहने वाली घायल सरकारी टीचर की सोमवार रात को मौत हो गई। सडक़ हादसे में वह एक सप्ताह पहले घायल हुई थी। एग्जाम ड्यूटी के चलते परीक्षा केंन्द्र पर जा रही थी। तभी उनकी एक्टिवा को जीप ने टक्कर मार दी। उन्हें एक सिक्योरिटी गार्ड ने अस्पताल पहुंचाया। यहां कोमा में होने के चलते उसका उपचार चल रहा था।**

खजराना पुलिस के मुताबिक घटना रोबोट चौराहे के पास की है। 19 फरवरी को मोनिका(32) पुत्री अशोक वर्मा को जीप ने टक्कर मारी थी। हादसे के दौरान मोनिका कई फीट दूर घसीटती चली गई थी। वह बेहोश हो गई थी। एक चौकीदार ने मोनिका को उठाया और एंबुलेस से एमवाय भेजा। यहां सोमवार शाम उनकी तबीयत बिगड़ी और कुछ देर बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिवार के लोगों ने बताया कि मोनिका की तीन साल पहले सरकारी टीचर के पद पर जॉब लगी थी। पोस्टिंग झालरिया के स्कूल में थी। बोर्ड परीक्षाओं के चलते उसकी ड्यूटी खजराना इलाके के एक सरकारी स्कूल में लगी थी। घटना वाले दिन सुबह मोनिका वही जाने के लिए निकली थी।

मोनिका के पिता की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। वह रोडवेज में कर्मचारी थे। मोनिका की शादी नहीं हुई थी। परिवार के लोगों ने बताया सुबह तक मोनिका के परिवार में उसकी बहन और मां को उसकी मौत की जानकारी नहीं दी गई। खजराना पुलिस के मुताबिक इस हादसे में जीप की जानकारी निकाली जा रही है। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के मामले में पहले ही केस दर्ज किया जा चुका है। अब मोनिका की मौत के बाद धारा बढ़ाई जाएगी।

## युवक की मौत, घटना स्थल से बाइक गायब

**इंदौर।** तीन इमली ब्रिज पर देर रात हुए एक्सीडेंट में एक युवक की मौत हो गई। बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। युवक की बाइक मौके पर नहीं मिली है। इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। भंवरकुआ पुलिस का कहना है कि मृतक का नाम हिमांशु पुत्र योगेश शर्मा है। वह मंगल सिटी मॉल के पास का रहने वाला था। रात में घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसे उपचार के लिए एमवाय भेजा गया। देर रात उसने दम तोड़ दिया। हिमांशु मूल रूप से शिवपुरी का रहने वाला है। उसके परिचितों ने बताया कि उसके पास बाइक थी। लेकिन पुलिस को बाइक नहीं मिली है। परिवार की जानकारी निकाली जा रही है। दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है।

## पत्नी पर मोगरी से हमला

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में पारिवारिक विवाद में गुस्साए पति ने पत्नी पर मोगरी से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घायल महिला का नाम द्वारका पति दिनेश चौहान(30) निवासी ग्राम बघावा काटांफोड़ हाल मुकाम नायता मुंडला है। उसकी रिपोर्ट पर पति दिनेश चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पति ने पूर्व में ननद से हुए विवाद को लेकर गालियां दी और मोगरी से मारपीट कर चोट पहुंचाई। जान से मारने की धमकी भी दी।

## फार्म हाउस पर मारपीट

**इंदौर।** बाइक पर सवार होकर एक फार्म हाउस पर पहुंचे और मारपीट कर भाग गए। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक हमला पैनजान फार्म हाउस हीकारगिरी में गत रात को हुआ। विजय पिता रामप्रसाद चालीसा की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक एमपी 09जेडवी 278 के चालक व अन्य दो साथी पर केस दर्ज किया गया। विजय ने बताया कि अज्ञात तीनों आरोपी फार्म हाउस पर आए। मैंने उनसे पूछताछ की तो वे बोले कि तू हमसे पूछताछ करने वाला कौन होता है। ये कहकर गालियां देने लगे। मैंने गालियां देने से मना किया तो मारपीट की और चले गए।

## ढाबे पर विवाद

**इंदौर।** एक ढाबे पर हुए विवाद में मारपीट और तोडफोड़ हो गई। पुलिस ने दो पक्षों पर केस दर्ज किया है। शिप्रा पुलिस ने बताया कि विवाद ग्राम राऊखेड़ी में वैशाली बिहार ढाबा के सामने हुआ। संतोष पिता गोपाल सिंह राजपूत निवासी ग्राम राऊखेड़ी की रिपोर्ट पर आरोपी दीपक परमार,रवि और रोहित परमार पर केस दर्ज किया गया। आरोपियों ने संतोष के ढाबे पर फ्री खाना और हर माह पैसे देने को कहा और धमकाते हुए तोडफोड़ और मारपीट की। दूसरे पक्ष से दीपक पिता मदन लाल परमार की रिपोर्ट पर आरोपी मुकेश पांडे, संतोष,सरोज पर मारपीट और एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया। विवाद खाने की बात को लेकर हुआ था।

## चाकूबाजी में युवक घायल

**इंदौर।** पलासिया इलाके में चाय दुकान के समीप हुए विवाद में दो आरोपियों ने एक युवक को चाकू घोंपकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक हमला 24 फरवरी की रात अलंकार पाइंट में अमृत तुल्य चाय की दुकान के पास हुआ। घायल का नाम लेखनाथ पिता कोले कार्मी(18) निवासी संविद नगर है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी सोनू और शशि निवासी बड़ी ग्वालटोली पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी शशि ने गालियां दी और मारपीट की। फिर उसका दोस्त सोनू आया जिसने चाकू से जांघ में वार कर दिया इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## हरकत करने वाले आरोपी पकड़ाए

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले एक युवती से दो लोगों ने अश्लील हरकत की थी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया था लेकिन बदमाश फरार थे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा और जेल भेज दिया। तुकोगंज थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले एक कामकाजी युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके साथ ललित वर्मा और राहुल वर्मा नामक दो युवकों ने अश्लील हरकत की इस पर पुलिस ने केस दर्ज किया था लेकिन आरोपी फरार हो गए थे। रविवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि वे घर पर आए हुए हैं। इस पर टीम ने घर पर छापा मारा और दोनों को गिर तार कर लिया। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जंहा से दोनों को सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

# 283 वाहन चालकों के लाइसेंस होंगे निरस्त

### रेड लाइट का किया था उल्लंघन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सडक़ दुर्घटना में कमी लाने ट्रेफिक पुलिस ने कई प्रमुख चौराहों पर आईटीएमएस (इंटीग्रेटेड ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम) स्थापित किया है। इसी तारतम्य में आदतन यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की सूची तैयार की गई है जिसमें ऐसे 283 वाहन हैं जिनके 6 माह में पांच या पांच से अधिक बार रेड लाइट का उल्लंघन किया गया है। उक्त सूची में ऐसे भी वाहन चालक हैं जिन्होंने 16 से 25 बार नियमों का उल्लंघन किया है। जिसमें 1 वाहन चालक ने 25, 15 से 20 बार, 7 वाहन चालक ने 13 बार, 2 वाहन चालक ने 12 बार, 10 वाहन चालक ने 11 बार, 10 वाहन चालक ने 10 बार, 12 वाहन चालक ने 9 बार, 23 वाहन चालक ने 8 बार, 37 वाहन चालक ने 7 बार, 49 वाहन चालक ने 6 बार, 102 वाहन चालक ने 5 बार, 10 वाहन चालक ने 4 बार उल्लंघन किया है। ऐसे सभी वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन किए गए हैं। इन चालक को वाहन के बीमा का लाभ भी बीमा कंपनी द्वारा नहीं दिया जाएगा।

# होस्टल और लायब्रेरी से चुराए दो लेपटाप जब्त

### नाबालिग ने दिया था वारदात को अंजाम, खरीदार भी शिकंजे में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** होस्टल और लायब्रेरी से लेपटाप चुराने वाले नाबालिग बदमाश को भंवरकुआ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने उक्त लेपटाप सिल्वर मॉल के दुकान संचाल को बेचा था, उसे भी सहआरोपी बनाया गया है। थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि 2 जनवरी को विद्या नगर स्थित होस्टल से छात्रा तथा पांच फरवरी को पिपलियाराव स्थित शासकीय लायब्रेरी से लेपटॉप चोरी की घटना सामने आई थी। इस पर आरोपी के खिलाफ धारा 379 का केस दर्ज कर उसे पकडऩे मुखबीर सक्रिय किए थे। वहीं घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे थे। हुलिए के आधार पर पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा। उसने चोरी किए दोनों मोबाइल दुकानदार दीपक नावरिया निवासी कुलकर्णी का भट्टा को बेचना कबूला। पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ कर रही है।

# डकैती डालने से पहले बदमाश धराए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कनाडिय़ा क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर डकैती डालने की योजना बनाते पांच बदमाशों को पकड़ा। पकड़े गए बदमाशों में से एक खजराना थाने का कुख्यात गुंडा भी शामिल है। आरोपियों से कुल्हाड़ी, दो चाकू, सब्बल, मिर्च पावडर जब्त किया है। थाना प्रभारी केपी यादव रविवार को कांबिंग गश्त कर रहे थे। तभी मुखबीर को सूचना मिली की क्षेत्र में कुछ बदमाश डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान से महबूब पिता मकसूद अली निवासी सोनकच्छ, मोहम्मद शेख पिता सलीम खान निवासी आजाद नगर, सुरेश पिता कलवा बलाई निवासी संचार नगर, अमजद खान पिता जहूर निवास आजाद नगर, शेख अहमद पिता शेख हैदर निवासी तंजीम नगर को पकड़ा। शेख अहमद पर खजराना थाने में कई केस दर्ज हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सट्टा करने तथा नशे की लत के लिए वे वारदातों को अंजाम देते थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक